# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
## गौतम बुद्ध नगर

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की इक्कीसवीं बैठक दिनाँकः 06 मई, 2017 को पूर्वाह्ण 11:30 बजे मा0 कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अधोलिखित सदस्यगण उपस्थित हुएः

(क) प्राविधिक शिक्षा परिषद् द्वारा नामनिर्देशिती सदस्य;

1. प्रो0 रंजन के. मलिक, .......... सदस्य
प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग,
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली,
दिल्ली।

(ख) शिक्षा सोसाइटी द्वारा निर्दिष्ट सदस्यः

2. प्रो0 ए.के. खरे, .......... सदस्य
मुख्य सलाहकार,
सुरेश ज्ञान–विहार विश्वविद्यालय,
जयपुर – राजस्थान।
एवं
पूर्व प्रति कुलपति, यू.पी.टी.यू.

3. प्रो0 ओंकार सिंह, .......... सदस्य
प्रोफेसर, मकैनिकल इंजीरियरिंग डिपार्टमेंट,
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय,
कानपुर– उत्तर प्रदेश।

4. प्रो0 डी0आर0 भास्कर, .......... सदस्य
प्रोफेसर, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट,
दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
दिल्ली।

(ग) विश्वविद्यालय के आचार्यः

5. प्रो0 श्वेता आनन्द, .......... सदस्य
प्रोफेसर,
अधिष्ठाता शैक्षिक,
अधिष्ठाता नियोजन एवं शोध,
एवं अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

6. प्रो0 अनिल कुमार गौतम, .......... सदस्य
प्रोफेसर,
अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ आई0सी0टी0
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

(घ) औद्योगिक विकास विभाग से प्रतिनिधिः

7. श्री नरेंद्र सिंह पटेल, .......... सदस्य
विशेष सचिव,
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

8. श्री मनोज राय, ........... सचिव
कुलसचिव,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

विषेश आमंत्रित सदस्यः

9. डा० नीती राणा,
एसोशिएट प्रोफेसर
प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ हयुमैनिटीज एण्ड सोशल साइंसेज,
एवं स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज एण्ड एप्लाईड साइंसेज,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

10. डा० सीमा द्विवेदी,
एसोशिएट प्रोफेसर,
प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बायोटैक्नोलोजी,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

11. डा० इन्दु उप्रेती,
एसोशिएट प्रोफेसर,
प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग,
एवं प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एण्ड गवर्नेस।

12. श्री पंकज शर्मा,
वित्त अधिकारी,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

13. श्री ललित गुप्ता,
निदेशक कार्य,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

जो सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके:

विषेश आमंत्रित सदस्यः

14. डा० आनन्द सिंह,
एसोशिएट प्रोफेसर,
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण
एवं प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बुद्धिष्ट स्टडीज एण्ड सिविलाईजेशन
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

15. श्री आलोक सिन्हा
आई.ए.एस.
अध्यक्ष,
नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण,
नोएडा।

16. डा० प्रभात कुमार
आई.ए.एस.
अध्यक्ष,
ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण,
ग्रेटर नोएडा।

## :: कार्यवाही का विवरण ::

**21.17.01** **प्रबन्ध बोर्ड की दिनाँक 03 सितम्बर, 2016 को सम्पन्न हुई बीसवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की दिनाँक 03 सितम्बर, 2016 को सम्पन्न हुई बीसवीं बैठक के कार्यवृत्त को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**21.17.02** **प्रबन्ध बोर्ड की दिनाँकः 03 सितम्बर, 2016 को सम्पन्न हुई बीसवीं बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की दिनाँक 03 सितम्बर, 2016 को सम्पन्न हुई बीसवीं बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही के विवरण को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा संज्ञान में लिया गया एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

**21.17.03** **वित्त समिति की दिनाँक 03 मई, 2017 को सम्पन्न हुई अठारहवीं बैठक के कार्यवृत्त प्रबन्ध बोर्ड के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ।**

वित्त समिति की दिनाँक 03 मई, 2017 को सम्पन्न हुई अठारहवीं बैठक के कार्यवृत्त को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**21.17.04** **दिनाँक 26 दिसम्बर, 2016 को सम्पन्न विद्या परिषद् की पंद्रहवीं बैठक का कार्यवृत्त प्रबन्ध बोर्ड के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ।**

विद्या परिषद् की दिनाँक 26 दिसम्बर, 2016 को सम्पन्न हुई पंद्रहवीं बैठक के कार्यवृत्त को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**21.17.05** **स्कूल आफ इंजीनियरिंग के आर्कीटेक्चर एण्ड रीजनल प्लानिंग विभाग में शैक्षिक पदों पर चयन हेतु दिनाँक 22 अप्रैल 2017 को सम्पन्न हुई चयन समिति की संस्तुतियाँ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

विश्वविद्यालय के स्कूल आफ इंजीनियरिंग के आर्कीटेक्चर एण्ड रीजनल प्लानिंग विभाग में शैक्षिक पदों पर चयन हेतु दिनाँक 22 अप्रैल 2017 को सम्पन्न हुई चयन समिति की बैठक के सम्बन्ध में बोर्ड के मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया।

बोर्ड के मा0 सदस्यों के संज्ञान में लाया गया कि उत्तर प्रदेश शासन के औद्योगिक विकास विभाग को दिनाँक 26 अप्रैल, 2017 को एक पत्र प्रेषित किया गया है जिसमें विश्वविद्यालय के आर्कीटेक्चर एण्ड रीजनल प्लानिंग विभाग में वास्तुकला परिषद् (Council of Architecture) के दिशा–निर्देशों के अनुसार आर्कीटेक्चर एण्ड रीजनल प्लानिंग कोर्स चलाये जाने हेतु संकाय सदस्यों की नियुक्तियाँ वास्तुकला परिषद के मानकों के अनुसार किए जाने तथा अबतक इस संदर्भ में लिए गये सम्पूर्ण कार्यवाही की सूचना शासन को संज्ञानार्थ प्रेषित की गयी।

बोर्ड की बैठक में औद्योगिक विकास विभाग के प्रतिनिधि श्री नरेंद्र सिंह पटेल, विशेष सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन के द्वारा अवगत कराया गया की शासन द्वारा अपने मत/मन्तव्य से शीघ्र ही विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत करा दिया जायेगा।

बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा निर्देशित किया गया कि शासन के निर्देशोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्तियों के सम्बंध मे अग्रिम कार्यवाही नियमानुसार सुनिश्चित कर ली जाएँ।

21.17.06 विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने वाले संकाय-सदस्यों/शिक्षणेत्तर कार्मिकों एवं विश्वविद्यालय की सेवाओं से कार्यमुक्त होने वाले संकाय सदस्यों/शिक्षणेत्तर कार्मिकों का विवरण प्रबन्ध बोर्ड के अवलोकनार्थ।

विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने वाले संकाय-सदस्यों/शिक्षणेत्तर कार्मिकों के विवरण व विश्वविद्यालय की सेवाओं से कार्यमुक्त होने वाले संकाय सदस्यों/शिक्षणेत्तर कार्मिकों के कार्यमुक्त होने के कारण के विवरण को प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अवलोकित किया गया।

21.17.07 गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के अनुरक्षण विभाग हेतु उद्यान निरीक्षण के अतिरिक्त पद का सृजन किये जाने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय।

बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा निर्देशित किया गया कि विश्वविद्यालय में संकाय सदस्यों एवं गैर संकाय सदस्यों के आवश्यक पदों जिनका आवश्यकता के दृष्टिगत सृजन किया जाना है, का विस्तृत विवरण तैयार कर बोर्ड की आगामी बैठक में समेकित प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएँ।

21.17.08 संकाय सदस्यों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों को अधिवर्षता आयु पर सेवानिवृत्त किए जाने हेतु उ0प्र0 शासन के शासनादेशों का अनुपालन किए जाने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय।

बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा संकाय सदस्यों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों को अधिवर्षता आयु पर सेवानिवृत्त किए जाने हेतु उ0प्र0 शासन के शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किए जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव को अवलोकनोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

21.17.09 **Gautam Buddha University Library Ordinance** बनाने पर विचार एवं निर्णय।

बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय हेतु प्रस्तुत Ordinance का अवलोकन किया गया एवं बैठक में मा0 सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों के अनुसार Ordinance को redraft कर प्रस्ताव को पुनः प्रबन्ध बोर्ड की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

21.17.10 विश्वविद्यालय में **Integrated Dual Degree Programme** के स्थान पर **Dual Degree Programme with exit option** के साथ प्रारम्भ किए जाने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय।

बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा विश्वविद्यालय में Integrated Dual Degree Programme के स्थान पर Dual Degree Programme with exit option के साथ प्रारम्भ किए जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया एवं विचारोपरान्त बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा उक्त प्रस्ताव पर पुनः बोर्ड ऑफ स्टडीज में विस्तृत चर्चा करते हुये विद्या परिषद् की बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

विद्या परिषद् से अनुमोदनोपरान्त इस प्रस्ताव को पुनः प्रबन्ध बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु भी बोर्ड के मा0 सदस्यो के द्वारा निर्देशित किया गया।

21.17.11 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार।

21.17.11(1) स्कूल ऑफ हयुमैनिटीज एण्ड सोशल साइंसेस के एजुकेशन विभाग में बी.एड कोर्स हेतु संकाय सदस्यों की नियुक्तियाँ एवं प्रवेश प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय।

बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा स्कूल ऑफ हयुमैनिटीज एण्ड सोशल साइंसेस के एजुकेशन विभाग में बी.एड कोर्स हेतु संकाय सदस्यों की नियुक्तियाँ NCTE Regulation, 2014 अथवा NCTE के नियमों में समय–समय पर किये संशोधनों के अनुसार (एक सह–आचार्य तथा 07 सहायक आचार्य ए.जी.पी. रू0 6,000/–) किये जाने हेतु एवं उक्त कोर्स में छात्रों का प्रवेश B.Ed Common Entrance Test के माध्यम से किये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

8.5.17

(मनोज कुमार राय)
सचिव, प्रबन्ध बोर्ड
एवं
कुलसचिव
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

(डा0 जे.पी. शर्मा)
अध्यक्ष, प्रबन्ध बोर्ड
एवं
कुलपति
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय